## प्रेस नोट दिनांक 09.07.2024

### थाना नवाबगज, जनपद प्रतापगढ़

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डाँ0 अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन,

एसपी द्वारा चेकिंग के दिये गये है कडे निर्देश

नवाबगंज पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मधवापुर से 1 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डाँ0 अनिल कुमार के निर्देशन में अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत सिंह के पर्यवेक्षण में दिनाँक 08.07.2024 को उ0नि0 श्री जय प्रकाश सिंह थाना नवाबगंज मय हमराह व आबकारी निरीक्षक विजय वहादुर क्षेत्र 03 कुण्डा मय हमराह के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था/ त्योहार के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, चेकिंग के दौरान मुखबिर की महत्वपूर्ण सूचना पर कि ग्राम मधवापुर में एक व्यक्ति परचून की दुकान में अवैध रूप से गांजा बेच रहा है इस सूचना पर उ0नि0 जय प्रकाश सिंह मय हमराह युदवीर सिंह, आरक्षी अजय कुशवाह व आबकारी निरीक्षक श्री विजय बहादुर क्षेत्र 03 कुण्डा मय हमराह के द्वारा मुखबिर को साथ लेकर ग्राम मधवापुर में परचून की दुकान से 01 व्यक्ति रामचन्द्र पुत्र रामराज नि0ग्राम मधवापुर थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध गांजा कुल वजन 01 किलो 500 ग्राम बरामद किया गया।

बरामद अवैध गांजा के संबंध में थाना नवाबगंज में मु0अ0स0- 108/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम रामचन्द्र पुत्र रामराज नि0ग्राम मधवापुर थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़का अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

रामचन्द्र पुत्र रामराज नि0ग्राम मधवापुर थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़।

बरादगी का विवरण-

01 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद ।

पुलिस टीम-

उ0नि0 श्री जय प्रकाश सिंह मय हमराह आरक्षी युदवीर सिंह, आरक्षी अजय कुशवाह, थाना नवाबगंज, जनपद प्रतापगढ़ ।

आबकारी निरीक्षक श्री विजय बहादुर क्षेत्र 03 कुण्डा मय हमराह आबकारी सिपाही प्रणय कुमार कर्ण, आबकारी सिपाही अमित कुमार सिंह, आबकारी सिपाही अनुज कुमार मिश्र।

थाना संग्रामगढ़, जनपद प्रतापगढ़

हत्या के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

दिनांक 08.07.2024 को आरोपीगण द्वारा थाना संग्रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम काजीपुर कुसेमर घर के पास बैठी एक वृद्धा को चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दिया गया था

हत्या करने करने के आरोप में थाना संग्रामगढ़ में दर्ज किया गया था अभियोग

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के द्वारा अपराध में संलिप्त अपराधी की गिरफ्तारी हेतु दिये गये हैं शख्त निर्देश

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री डॉ0 अनिल कुमार के द्वारा अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिये  गये कड़े निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय एवं क्षेत्राधिकारी

लालगंज श्री रामसूरत सोनकर के निकट पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक श्री सत्येन्द्र सिंह भदौरिया मय हमराह उ0नि0 अमित सिंह, प्रशिक्षु उ0नि0 श्री विनय वर्मा का0 मनदीप सिंह, का0 धनंजय श्रीवास्तव द्वारा थाना संग्रामगढ़ में पंजीकृत मु0अ0सं0 150/24 धारा 103(1) बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्रान्तर्गत कुसेमर चौराहा पर मौजूद थे कि जरिए मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम काजीपुर कुसेमर में जिस वृद्धा की हत्या हुई थी उसका वांछित अभियुक्त कुसेमर गांव से हिसामपुर जाने वाली पक्की सड़क के बगल स्थिति ईट भट्टे के सामने पर मौजूद है, इस सूचना पर तत्काल मौके पर पहुचंकर हिसामपुर जाने वाली पक्की सड़क के बगल स्थिति ईट भट्टे (बिजली के हाईटेंशन तार) के पास से अभियुक्त गोविन्द सरोज पुत्र पंचम नि0ग्राम काजीपुर कुसेमर थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त की निशानदेही पर उक्त आलाकत्ल लोहे के चाकू को उसके घर के कमरे के कोने से बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

1- गोविन्द सरोज पुत्र पंचम नि0ग्राम काजीपुर कुसेमर थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़

बरामदगीः- 01 आलाकत्ल लोहे का चाकू।

घटना का संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 08.07.2024 को समय करीब 03ः45 बजे आरोपी गोविन्द सरोज नि0 ग्राम काजीपुर कुसेमर थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ ने एक वृद्ध महिला गुलाबकली पत्नी स्व0 हीरालाल सिंह उम्र करीब 70 वर्ष जो अपने दरवाजे पर बैठी हुई थी को पड़ोसी गोविन्द सरोज पुत्र पंचमलाल सरोज उम्र 38 वर्ष ने चाकू से मारकर महिला को घायल कर दिया। परिजन द्वारा घायल महिला को सीएचसी कुण्डा ले जाते समय गुलाबकली की मृत्यु हो गयी थी। प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 150/2024 धारा 103(1), बी0एन0एस0 बनाम 01 नामजद के अभियोग पंजीकृत किया गया था।

**पुलिस टीम - प्रभारी निरीक्षक श्री सत्येन्द्र सिंह भदौरिया मय हमराह उ0नि0 अमित सिंह, प्रशिक्षु उ0नि0 श्री विनय वर्मा का0 मनदीप सिंह, का0 धनंजय श्रीवास्तव द्वारा थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़।**

## थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़

**02 वारण्टी अभियुक्त व 01 अभियुक्ता गिरफ्तार**

**पुलिस अधीक्षक श्री डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना लीलापुर के उ0नि0 अमरेश कुमार यादव मय हमराह महिला उ0नि0 ज्योति सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मु0न0 322/2015 धारा 323, 504, 506 भादवि थाना लालगंज से संबंधित 02 वारण्टी अभियुक्त 01. सुधीर पुत्र केशवलाल 02. सत्यम पुत्र केशवलाल नि0गण ग्राम कांसापुर बासूपुर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ व अभियुक्ता विट्टन पत्नी गोपाल गुप्ता नि0 ग्राम कांसापुर बासूपुर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्त व अभियुक्ता का विवरण-**

**01.** सुधीर पुत्र केशवलाल नि0 ग्राम कांसापुर बासूपुर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ।

**02.** सत्यम पुत्र केशवलाल नि0 ग्राम कांसापुर बासूपुर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ।

**03.** विट्टन पत्नी गोपाल गुप्ता नि0 ग्राम कांसापुर बासूपुर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ।

**पुलिस टीम-**

**उ0नि0 श्री अमरेश कुमार यादव मय हमराह म0उ0नि0 ज्योति सिंह, हे0का अजय प्रजापति, का0 महेश यादव थाना लीलापुर, जनपद प्रतापगढ़।**

## थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ़

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डा. अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन,

अपहरण के प्रकरण में 01 अभियुक्त गिरफ्तार

थाना आसपुर देवसरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत खटखटा पुल के पास से 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

घटना का विवरण-

दिनांक 24.06.2024 को वादी की भतीजी को आरोपीगण द्वारा भगा ले जाने के संबंध में वादी की तहरीर के आधार मु0अ0सं0 176/24 धारा 363, 366 भादवि बनाम 01व्यक्ति नामजद का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री डॉ अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में  थाना प्रभारी आसपुर देवसरा के नेतृत्व में उ0नि0 योगेन्द्र सिंह मय हमराह का0 कैलाश यादव द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, मु0अ0सं0 176/24 धारा 363, 366 भादवि से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त, 1- अवनीश गौड़ पुत्र प्रेमचन्द्र गौड़ निवासी ग्राम उदईशाहपुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 09.07.2024 को 13.30 बजे थानाक्षेत्र आसपुर देवसरा के खटखटा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1- अवनीश गौड़ पुत्र प्रेमचन्द्र गौड़ निवासी ग्राम उदईशाहपुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़।

गिरफ्तारी पुलिस टीम का विवरण-

उ0नि0 श्री योगेन्द्र सिंह मय हमराह का0 कैलाश यादव थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ़ ।

थाना संग्रामगढ़, जनपद  प्रतापगढ़

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डा. अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन,

दुकान में घुसकर चोरी करने के प्रकरण में 02 अभियुक्त गिरफ्तार

अभियक्त की निशादेही पर चोरी के लोहे के सामान/बिजली का तार बरामद

थाना संग्रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लाला का पुरवा से 02 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

घटना का विवरण-

दिनांक 05.07.2024 को वादी  की बिल्डिंग बनाने के सामान की दुकान से दुकान में पीछे से सेंधमारी करके लोहे के सामान की चोरी करने के संबंध में वादी की तहरीर के आधार मु0अ0सं0 148/24 धारा 331(4),305,317(2) BNS बनाम अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री डॉ अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में उपरोक्त मुकदमा से सम्बन्धित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी किये जाने हेतु संबंधित को कड़े निर्देश दिये गये थे।

थाना प्रभारी संग्रामगढ़ के नेतृत्व में उ0नि0 अमित सिंह, प्रशि0 विनय वर्मा मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग/ विवेचना के दौरान,

**मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 148/24 धारा 331(4),305,317(2) BNS से संबंधित 02 अभियुक्तों 1- शुभम पटेल, 2- आलोक पटेल पुत्रगण गौतम पटेल निवासी ग्राम लाला का पुरवा थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को थाना संग्रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लाला का पुरवा से पास से गिरफ्तार किया गया । जबकि 01 अभियुक्त भगौलिक स्थिति का लाभ उठाकर फरार हो गया।**

**अभियुक्त की निशादेही पर 03 रोशनदान लोहे का,लोहे का 01 बाट 20 कि0ग्रा,लोहे का 01 बाट 05 कि0ग्रा, लोहे का 01 बाट 01 कि0ग्रा,लोहे का 01 बाट 02 कि0ग्रा, 46 अदद लोहे का कटपीस सरिया, 08 अदद लोहे का एगल, 19 अदद लोहे की पटरी, लोहे का पुराना लॉक,कुल 160 हाथ बिजली के केबल का तार बरामद किया गया।**

पूछताछ का विवरण-

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम लोग चोरी के सामान को अपने घर के पीछे पुवाल से छिपाकर रखे है चलकर बरामद करा सकता हूँ।

बरामदगी-

**03 रोशनदान लोहे का,लोहे का 01 बाट 20 कि0ग्रा,लोहे का 01 बाट 05 कि0ग्रा, लोहे का 01 बाट 01 कि0ग्रा,लोहे का 01 बाट 02 कि0ग्रा, 46 अदद लोहे का कटपीस सरिया, 08 अदद लोहे का एगल, 19 अदद लोहे की पटरी, लोहे का पुराना लॉक,कुल 160 हाथ बिजली के केबल का तार**

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

**1- शुभम पटेल पुत्र गौतम पटेल निवासी ग्राम लाला का पुरवा थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ ।**

**2- आलोक पटेल पुत्र गौतम पटेल निवासी ग्राम लाला का पुरवा थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ ।**

**गिरफ्तारी पुलिस टीम का विवरण-**

**उ0नि0 अमित सिंह, प्रशि0 विनय वर्मा मय हमराह का0 मनदीप सिंह, का0 धनन्जय श्रीवास्तव, का0 केवल साहू थाना संग्रामगढ़, जनपद प्रतापगढ़ ।**